निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION



वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
1993-94





With Best Compliments from :

R. N. Verma
General Manager

DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION
New India Centre, 17, Cooperage Road, Bombay - 400 039.

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)

प्रधान कार्यालय : छठी मंजिल, न्यू इंडिया सेंटर,

17, कूपरेज रोड, बंबई–400039

निदेशक बोर्ड की 32 वीं वार्षिक रिपोर्ट,

31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के लिए

तुलन पत्र और लेखे

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
1.	प्रेषण पत्र	iii और iv
2.	निदेशक बोर्ड	v
3.	संगठन तालिका	vi
4.	निगम के कार्यालय	vii
5.	निगम के प्रमुख अधिकारी	viii
6.	निगम का स्वरूप	ix
7.	विशिष्टता–प्रगति एक दृष्टि में	x
8.	निदेशकों की रिपोर्ट	1
9.	निदेशकों की रिपोर्ट के विषय में अनुबंध	12
10.	तुलन–पत्र और लेखे	32
11.	कार्यों और गतिविधियों की रूपरेखा तालिका I से X (Charts I to X)	43

प्रेषण पत्र

(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड,
पोस्ट बॉक्स सं. 1076,
बंबई – 400039.

डीआइसीजीसी/81/06.02/015/94-95

29 जून 1994
8 आषाढ़ 1916 (शक)

सचिव,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सचिव विभाग,
केन्द्रीय कार्यालय,
केन्द्रीय कार्यालय भवन,
शहीद भगतसिंह मार्ग,
बंबई – 400023.

प्रिय महोदय,

वर्ष 1993-94 के लिए तुलन-पत्र और वार्षिक रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में मुझे निदेशक बोर्ड ने इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ों की हस्ताक्षरित प्रति भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की हस्ताक्षरित प्रति सहित निगम के लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लेखे की एक प्रति, और

(ii) 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के कामकाज के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

भवदीय,

ह./-

(एस. के. कपूर)
महा प्रबंधक

प्रेषण पत्र

(भारत सरकार को)

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड,
पोस्ट बॉक्स सं. 1076,
बंबई - 400039.

डीआइसीजीसी/82/06.02/016/94-95

29 जून 1994
8 आषाढ़ 1916 (शक)

सचिव,
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
(बैंकिंग प्रभाग),
"जीवनदीप", संसद मार्ग,
नयी दिल्ली - 110001.

प्रिय महोदय,

वर्ष 1993-94 के लिए तुलन-पत्र और वार्षिक रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में मुझे निदेशक बोर्ड ने इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रति भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के कामकाज के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. तुलन पत्रों की प्रतियाँ और निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गयी है। उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियाँ इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

3. कृपया हमें उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अधीन संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोक सभा और राज्य सभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने की तारीख/तारीखें सूचित करें।

भवदीय,

ह./-

(एस. के. कपूर)
महा प्रबंधक

निदेशक बोर्ड

अध्यक्ष
निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(क) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित

डी. आर. मेहता
उप–गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंबई

निदेशक
निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ख) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित

सुश्री आई. टी. वाज़ (3 मई 1994 तक)
एस. एन. राजदान (4 मई 1994 से)
कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंबई

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ग) के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा नामित

सुश्री मोना शर्मा
संयुक्त निदेशक, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(घ) के अंतर्गत नामित

एस. एच. खान
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, बंबई

यू. महेश राव
प्रबंध निदेशक, न्यू इंडिया एस्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, बंबई

एन. पी. सारडा
सनदी लेखाकार, बंबई

पी. डब्ल्यू. रेगे
भूतपूर्व अध्यक्ष, सारस्वत सहकारी बैंक लि., बंबई
निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ङ) के अंतर्गत नामित

एम. के. सिन्हा (20 दिसंबर 1993 से)
प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक, बंबई

गंगाधर गाडगिल
अर्थशास्त्री, बंबई

पी. एन. जोशी (14 जून 1993 से)
अध्यक्ष, यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक लि., सातारा, महाराष्ट्र

बी. राय (6 अगस्त 1993 से)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इलाहाबाद बैंक, कलकत्ता

संगठन तालिका


अध्यक्ष
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
महा प्रबंधक
उप महा प्रबंधक
उप महा प्रबंधक
प्रशासन विभाग
गैर–औद्योगिक ऋण गारंटी विभाग
कम्प्यूटर प्रभाग
बोर्ड अनुभाग
लघु उद्योग ऋण गारंटी विभाग
दावा समिति अनुभाग
निक्षेप बीमा विभाग
लेखा विभाग
शाखा कार्यालय
कलकत्ता
मद्रास
नागपुर
नई दिल्ली

निगम के कार्यालय

		टेलीफोन संख्या	तार
प्रधान कार्यालय :	**न्यू इंडिया सेंटर, 4, 5, 6, 7 और 8 वीं मंजिल, 17, कूपरेज रोड, पोस्ट बॉक्स सं. 1076, बंबई - 400039.**		"क्रेडिटगार्ड"
	महा प्रबंधक	2027323 (सी.ला.) 2020299	
	(i) उप महा प्रबंधक प्रशासन विभाग गैर-औद्योगिक ऋण गारंटी विभाग कम्प्यूटर प्रभाग बोर्ड अनुभाग	2044876(सी.ला.) 2020299	
	(ii) उप महा प्रबंधक निक्षेप बीमा विभाग लघु उद्योग ऋण गारंटी विभाग लेखा विभाग	2022408 (सी.ला.) 2020299	
शाखाएँ :			
1) नागपुर	भारतीय रिज़र्व बैंक भवन, हाइकोर्ट के समीप, नागपुर - 440001.	521406 (सी.ला.) 532321 532357	"क्रेडिटगार्ड"
2) कलकत्ता	8, कौउन्सिल हाऊस स्ट्रीट (पहली मंजिल), पोस्ट बॉक्स सं. 17, कलकत्ता - 700001.	2481154 (सी.ला.) 2486029	"डिसिन्गर"
3) मद्रास	कुरालगम बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, एस्प्लेनेड, पोस्ट बॉक्स सं. 5021, मद्रास - 600108.	5341524 (सी.ला.) 5341239	"क्रेडिटगार्ड"
4) नयी दिल्ली	भारतीय रिज़र्व बैंक, 6, संसद मार्ग, पोस्ट बॉक्स सं. 123, नयी दिल्ली - 110001.	3716487 (सी.ला.) 3710538 से 42	"डिपॉज़िटिस

निगम के प्रमुख अधिकारी

महा प्रबंधक

एस. के. कपूर (31 जुलाई 1994 तक)
आर. एन. वर्मा (1 अगस्त 1994 से)

उप महा प्रबंधक
डी. एन. प्रसाद
श्रीमती एस. एन. जोशी

मुख्य लेखाकार
ओ. पी. अरोड़ा

अन्य अधिकारी

प्रबंधक
जे. पी. शर्मा
सुश्री यू. एस. बनर्जी

सचिव
आर. जी. तावडे

शाखा प्रबंधक

नागपुर
एन. के. साहा (31 अगस्त 1993 तक)

मद्रास
टी. एम. नारायणन

कलकत्ता
एस. एस. गंगोपाध्याय

दिल्ली
एस. एस. सेठी

बैंकर

भारतीय रिज़र्व बैंक

लेखा परीक्षक

मैसर्स हबीब एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
बंबई – 400003.

निगम का स्वरूप

प्रयोजन और उद्देश्य

जमा बीमा निगम की स्थापना पहली जनवरी 1962 को संसद के एक अधिनियम द्वारा की गयी थी। इस निगम ने रिज़र्व बैंक द्वारा 14 जनवरी 1971 को शुरु की गयी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड को 15 जुलाई 1978 से अपने अधिकार में ले लिया जिससे एकही प्रकार के परस्पर संबद्ध कार्यों अर्थात् बैंकों के छोटे जमाकर्ताओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करने और समाज के खासकर कमजोर वर्गों के छोटे ऋणकर्ताओं की कुछ श्रेणियों को प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं को गारंटी रक्षा देने के कार्यों को समन्वित किया जा सके। इस प्रकार दो संगठनों के एकीकरण के बाद निगम का नाम बदल कर उसे निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम रखा गया। लघु उद्योगों के लिए भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना रद्द होने के बाद निगम ने पहली अप्रैल 1981 से लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों के लिए भी गारंटी सहायता देना शुरु किया।

निगम के दो उद्देश्य हैं बैंकों में जमाकर्ताओं के लाभ के लिए बैंक की सभी शाखाओं में उनकी सभी जमा राशियों अथवा उनके किसी अंश के लिए अधिकतम 1,00,000 रुपये तक की हानि के लिए बीमा प्रदान करना और सहभागी संस्थाओं अर्थात् वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) सहकारी बैंकों, राज्य वित्त निगमों और अन्य सावधि ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दिये गये ऋण के लिए गारंटी समर्थन प्रदान करना। 31 मार्च 1989 तक गारंटी समर्थन लघु ऋणकर्ताओं और लघु उद्योगों की कुछ श्रेणियों के लिए ही उपलब्ध था। परंतु 1 अप्रैल 1989 से गारंटी सुरक्षा संपूर्ण प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों (रिज़र्व बैंक की परिभाषा के अनुसार) के लिए लागू है। तथापि अग्रिमों की कुछ ऐसी श्रेणियाँ जो केन्द्र/राज्य सरकारों, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड द्वारा गारंटीकृत हैं, को गारंटी सुरक्षा से बाहर रखा गया है।

जमा बीमा और ऋण गारंटी के लिए निगम ने अलग-अलग निधियाँ बनाई हुई हैं, जो किस्तों तथा गारंटी शुल्कों द्वारा जमा की जाती हैं और इनका उपयोग केवल दावों के निपटान के लिए ही किया जाता है। इसके अतिरिक्त एक अन्य निधि अर्थात् सामान्य निधि भी बनायी गयी है जिसमें निगम की पूँजी रखी गयी है और इस निधि से होने वाली निवेश आय से स्टाफ स्थापना संबंधी व्यय तथा प्रशासनिक व्यय किये जाते हैं। निगम को आयकर की अदायगी के संबंध में 31 दिसंबर 1986 तक छूट दी गयी थी।

निगम की प्राधिकृत पूँजी 50 करोड़ है जो पूर्णतः भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्गमित और अभिदत्त है।

निदेशक बोर्ड द्वारा निगम का प्रबंध देखा जाता है जिसके अध्यक्ष भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर होते हैं। दावा समिति और निवेश समिति जो भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक की अध्यक्षता में कार्यरत है, बोर्ड की सहायता करती है। महा प्रबंधक निगम के मुख्य कार्यपालक होते हैं।

निगम का प्रधान कार्यालय बंबई में है। इसकी चार शाखाएँ नागपुर, कलकत्ता, मद्रास, नयी दिल्ली में हैं। निगम की कोई सहायक या संबद्ध संस्था नहीं है।

विशिष्टता - प्रगति एक दृष्टि में

(राशि करोड़ रुपये में)

वर्ष के अंत में	1962	1972	1978	1982	1984	1987	1988-89	1990-91	1992-93	1993-94
1. पूँजी	1	1.5	10	15	50	50	50	50	50	50
2. निक्षेप बीमा										
i) निक्षेप बीमा निधि	1	25	76	154	219	@	@	@	@	@
ii) बीमाकृत बैंक	276	476	1,021	1,683	1,805	1,898	1,903	1,922	1,931	1,990
iii) निर्धारणयोग्य जमा राशियाँ	1,895	7,458	21,660	42,360	61,880	1,03,044	1,26,854	1,56,892	2,44,375	2,49,034
iv) बीमाकृत जमा राशियाँ	448	4,656	15,369	31,774	46,340	75,511	90,192	1,09,316	1,64,527	1,68,405
v) खाते (लाखों में)	77	341	931	1,598	2,026	2,569	2,781	3,089	3,543	3,529
vi) पूर्णत: संरक्षित खाते (लाखों में)	60	328	916	1,581	2,000	2,518	2,705	2983	3,395	3,497
vii) अदाकृत दावे	–	1	2	3	3	44	69	131	178	179
3. ऋण गारंटी										
i) ऋण गारंटी निधि	–	–	27	89	118	@	@	@	@	@
ii) गारंटीकृत अग्रिम										
(क) छोटे उधारकर्ता	–	208	1,715	4,840	7,104	11,116	14,291	27,692	24,444	26,348
(ख) लघु उद्योग	–	–	–	3,822	4,891	7,788	10,465	16,826	19,162	15,503
iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए)										
(क) छोटे उधारकर्ता	–	–	9	25	62	255	364	505	883	1,168
(ख) लघु उद्योग	–	–	–	30	71	149	241	247	260	323
iv) निपटाये गये दावे (वर्ष के दौरान)										
(क) छोटे उधारकर्ता	–	–	3	15	32	225	281	427	566	1,026
(ख) लघु उद्योग	–	–	–	27	47	122	177	260	243	288

@ निगम की देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन के कारण तुलन-पत्र और आय व्यय लेखे के प्रारूप में संशोधन से 1987 से ऋण गारंटी निधि में वर्ष 1989-90 को छोड़कर हर वर्ष घाटा रहा है। निधि की कमी/अतिरिक्त को संबंधित वर्ष के निक्षेप बीमा निधि के अतिरिक्त के बदले समायोजित किया गया। वर्ष 1993-94 के दौरान ऋण गारंटी निधि में रु. 382.19 करोड़ का घाटा था। 31 मार्च 1994 को ऋण गारंटी निधि से निक्षेप बीमा निधि के लिए रु.858.05 करोड़ की राशि देय थी।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के कामकाज की रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 32(1) के अनुसार निदेशक बोर्ड एतद्द्वारा 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष की निगम की 32वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

आर्थिक परिदृश्य

2. वर्ष 1993-94 के दौरान, मौद्रिक और ऋण विस्तार कारकों में व्यापक स्वरूप परिवर्तन हुए हैं। विदेशी मुद्रा रिज़र्व में अनेक कारणों से हुई भारी वृद्धि यद्यपि स्वागतयोग्य है परन्तु इससे प्राथमिक मुद्रा और मौद्रिक विकास में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी भी हुई है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमा राशियाँ वर्ष 1993-94 के दौरान बढ़कर रु. 45,243 करोड़ (16.8 प्रतिशत) हो गई जबकि वर्ष 1992-93 में ये रु. 37,813 करोड़ (16.4 प्रतिशत) थीं। वर्ष 1993-94 में खाद्यान्न की सरकारी खरीद में रिकार्ड स्तरीय वृद्धि के परिणामस्वरूप खाद्य जमा तेजी से बढ़कर रु.4,164 करोड़ (61.8 प्रतिशत) हो गई। वर्ष 1993-94 के दौरान गैर खाद्य ऋणों में रु. 7,477 करोड़ (5.1 प्रतिशत) की गिरावट आयी जबकि 1992-93 में इनमें रु. 24,317 करोड़ (20.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। 23 अप्रैल 1994 को मुद्रास्फीति की दर 11.2 प्रतिशत थी जबकि एक वर्ष पूर्व यह दर 7.0 प्रतिशत थी।

प्रतिस्पर्धा, परिचालनात्मक दक्षता और वित्तीय क्षेत्र की पारदर्शिता में सुधार की दृष्टि से वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ की गई सुधार प्रक्रिया को आगे भी जारी रखा गया। इससे बैंकिंग व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार अपेक्षित है। आस्तियों के वर्गीकरण, आय पहचान, प्रावधान आदि से संबंधित विवेकपूर्ण मापदंडों से बैंकों की निधियों पर दबाव बढ़ा है। अत: इनमें कुछ उदारता दी गयी है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार ने सरकारी बांडस् के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंकों की हिस्सा पूँजी में योगदान करने की दृष्टि से वर्ष 1994-95 के बजट में रु. 5,600 करोड़ का प्रावधान भी किया है। इसके अलावा बैंकों ने स्वयं अपनी गैर कार्यकारी आस्तियों को कम करने की दृष्टि से अतिदेय अग्रिमों को वसूल करने के अपने स्तर पर भी विशेष प्रयास किये हैं। वर्ष 1993-94 के दौरान दावों की आवक अप्रत्याशित रूप से अधिक रही और इनके आँकड़े अब तक के वर्षों में सर्वाधिक रहे।

प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम

3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम जून 1992 के अंत में रु. 44,995 करोड़ थे जो जून 1993 के अंत में 6.3 प्रतिशत बढ़कर रु. 47,848 करोड़ हो गए। निवल बैंक जमा की तुलना में ऐसे ऋणों में 1992-93 में प्रगति हुई है। तथापि जून 1991 के अंत की इसकी 40.9 प्रतिशत की स्थिति जून 1992 के अंत में 39.3 और इसके पश्चात् जून 1993 के अंत में 35.9 प्रतिशत तक कम हुई जबकि निर्धारित लक्ष्य 40 प्रतिशत था। प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम रु. 17,020 करोड़ (जून 1992) से बढ़कर जून 1993 के अंत में रु. 18,332 करोड़ हो गए परन्तु आलोच्य अवधि के दौरान निवल बैंक जमा में इसकी सहभागिता 14.9 प्रतिशत से घटकर 13.8 प्रतिशत हो गई। लघु उद्योग और दूसरे प्राथमिकता क्षेत्र का हिस्सा जून 1992 के अंत में 15.5 और 7.7 प्रतिशत था जो जून 1993 के अंत में घटकर क्रमश: 14.1 और 7.1 प्रतिशत रह गया। प्राथमिकता क्षेत्र में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति का प्रतिशत जून 1993 के अंत में 8.9 रहा। निजी क्षेत्र के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम मार्च 1993 के अंतिम शुक्रवार को रु. 2,357 करोड़ थे जो उनकी निवल बैंक जमा का 33.2 प्रतिशत है। भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों को सलाह दी गयी थी कि वे प्राथमिकता क्षेत्र के मामले में मार्च 1992 के अंत तक अपनी निवल बैंक जमा का 15 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करें। परन्तु मार्च 1992 के अंत में इन बैंकों की वास्तविक उपलब्धि 7.9 प्रतिशत ही रही जो मार्च 1991 के अंत में प्राप्त 9.45 प्रतिशत के अनुपात से भी कम है। भारतीय बैंकों की तुलना में विदेशी बैंकों के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों को श्रेणीबद्ध करने की दृष्टि से विदेशी बैंकों के लिए भारतीय बैंकों की तरह प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणों का लक्ष्य उनकी निवल बैंक जमा के 15 प्रतिशत

से बढ़ाकर 32 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें मार्च 1994 के अंतिम शुक्रवार तक लघु उद्योगों और निर्यात क्षेत्र प्रत्येक के लिए 10 प्रतिशत का अन्तर्लक्ष्य भी रखा गया है। विदेशी बैंकों के संशोधित लक्ष्यों की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से उनके मामले में प्राथमिकता क्षेत्र की परिभाषा में 1 जुलाई 1993 से निर्यात ऋण को भी शामिल कर दिया गया है। ऋण संस्थाओं की संरचना और परिवर्तनशील ऋण अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता क्षेत्र के मामले में कुछ परिभाषा संबंधी परिवर्तन किए गए हैं और कुछ परिवर्तन किए जा रहे हैं।

महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

निक्षेप बीमा योजना - बैंक आफ कराड़ लिमिटेड का मुकदमा

4.1 जैसाकि पहले की रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है, बैंक आफ कराड़ लिमिटेड के जमाकर्ताओं की कठिनाइयों को कम करने की दृष्टि से निगम ने बैंक के अस्थायी परिसमापक को जमाकर्ताओं में संवितरित करने के लिए कुल रु. 37.00 करोड़ की राशि का खातागत भुगतान किया था। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार बैंक आफ इंडिया को बैंक आफ कराड़ लिमिटेड की निगम द्वारा अनुमोदित बकाया जमा देयताओं सहित विशिष्ट आस्तियों को क्रय करने की अनुमति प्रदान की गयी थी यह अनुमति इस शर्त पर प्रदान की गयी थी कि परिसमापक द्वारा की गयी वसूलियों पर सामान्य जमाकर्ताओं की तुलना में निगम के दावों को संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत प्राथमिकता दी जाएगी।

तथापि निगम ने जमाकर्ताओं के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए बंबई उच्च न्यायालय की डिविजन बेंच द्वारा पारित दिनांक 6 अप्रैल 1994 के आदेश के अनुसार आपसी समझौते के लिए सहमति प्रदान की ताकि बैंक आफ इंडिया बैंक आफ कराड़ लिमिटेड के कर्मचारियों के हितों के लिए तथा जमा देयताओं और विशिष्ट आस्तियों की खरीद के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके।

समझौते के अनुसार अस्थायी परिसमापक बैंक आफ इंडिया से विशिष्ट राशि प्राप्त होने और उसके द्वारा वसूलियों के पश्चात् निगम द्वारा अदा की गयी राशि की चुकौती निगम को करेगा।

ऋण गारंटी योजनाएँ योजनाओं में सहभागिता

4.2 यह निर्णय लिया गया है कि 1 अप्रैल 1994 से जो ऋण संस्थाएँ किसी विशेष योजना की सहभागिता से बाहर होने की इच्छुक हैं उन्हें निगम की दूसरी ऋण गारंटी योजना, जिनमें उनकी सहभागिता है, से बाहर होना होगा। दूसरे शब्दों में कोई ऋण संस्था किसी एक ऋण गारंटी योजना से बाहर होने का विकल्प देते हुए दूसरी ऋण गारंटी योजना में अपनी सहभागिता जारी नहीं रख सकती।

गारंटी सुरक्षा की सीमा

4.3 निगम द्वारा परिचालित तीन ऋण गारंटी योजनाओं की समीक्षा करने पर यह निर्णय लिया गया है कि पात्र ऋण सुविधाओं की सभी श्रेणियों के मामले में गारंटी सुरक्षा की सीमा घटाकर समान दर से चूक की राशि के 50 प्रतिशत (जबकि अभी यह सीमा चूक की राशि के 60 प्रतिशत के बराबर है) के बराबर कर दी जाए। यह व्यवस्था 1 अप्रैल 1994 को या उसके बाद स्वीकृत/नवीकृत पात्र नए अग्रिमों की दावा देयता के मामले में विशिष्ट मौद्रिक सीमा के अधीन लागू होगी।

निगम के कार्यकलाप - एक विहंगम दृष्टि

5.1 वर्ष के दौरान, बैंकों के छोटे जमाकर्ताओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए निक्षेप बीमा योजना के अतिरिक्त बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र के उधारकर्ताओं (कुछ श्रेणियों को छोड़कर) को प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं के लिए गारंटी समर्थन प्रदान करने के मामले में निगम का तीन ऋण गारंटी योजनाओं- गैर औद्योगिक क्षेत्र के लिए दो तथा लघु उद्योग क्षेत्र के लिए एक गारंटी योजना पर कार्य जारी रहा।

5.2 जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, निक्षेप बीमा योजना 1961 के अंतर्गत बीमा सुरक्षा एक ही अधिकार और हैसियत से प्रति जमाकर्ता प्रति बैंक रु.30,000/- से बढ़ाकर रु. 1,00,000/- कर दी गयी है एवं बीमा किस्त दर आंशिक रूप से बढ़ाकर प्रति रु. 100/- प्रति वर्ष 4 पैसे से बढ़ाकर 5 पैसे कर दी गई है। वर्ष के दौरान योजना के तीन और राज्यों के सहकारी बैंकों पर लागू किये जाने के कारण बीमाकृत बैंकों की संख्या में काफी

बढ़ोतरी हुई तथा यह संख्या वर्ष के अंत में 1990 रही। एवं पूर्णतः संरक्षित जमा खातों की संख्या 3,497 लाख है, यह संख्या कुल जमा खातों की संख्या का 99.1 प्रतिशत है। बैंकों की कुल निर्धारण योग्य जमा रु. 2,49,034 करोड़ है एवं इसमें 67.6 प्रतिशत बीमाकृत जमा राशियाँ हैं। वर्ष के दौरान बीमा किस्त के रूप में रु. 156.35 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। वर्ष के दौरान निगम ने कुल रु. 0.57 करोड़ की राशि के 4 सहकारी बैंकों से प्राप्त दावे निपटाये और चार सहकारी बैंकों की दावा देयता के लिए रु. 8.12 करोड़ का प्रावधान किया है। 25 वाणिज्य बैंकों और 27 सहकारी बैंकों के मामले में कुल दावा अदाकृत राशि रु. 178.69 करोड़ थी और मार्च 1994 के अंत तक रु. 19.71 करोड़ की चुकौती प्राप्त हुई।

5.3 निगम की तीन ऋण गारंटी योजनाओं के अंतर्गत वर्ष के दौरान कुल गारंटीकृत अग्रिम मार्च 1993 के अंत में रु.41,850.49 करोड़ थे। उनमें पिछले वर्ष की तुलना में 4 प्रतिशत की गिरावट आयी। गैर औद्योगिक क्षेत्र की योजना के अंतर्गत लघु उधारकर्ताओं के गारंटीकृत अग्रिमों में 7.79 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि लघु उद्योग क्षेत्र के गारंटीकृत अग्रिमों में पिछले वर्ष की तुलना में 19.1 प्रतिशत की गिरावट आयी। तीन योजनाओं के अंतर्गत निगम को प्राप्त होने वाले दावों में संख्यावार 26.4 प्रतिशत और राशिवार 30.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी प्रकार वर्ष के दौरान निगम द्वारा निपटाये गये दावों में संख्यावार 33.4 प्रतिशत तथा राशिवार 62.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस वर्ष दावा निपटान की मासिक दर सर्वाधिक 2,90,144 दावे रही जबकि पिछले वर्ष यह दर 2,17,544 थी। समीक्षाधीन अवधि और पिछले वर्ष के दौरान दावों की संख्यावार और राशिवार प्राप्ति तथा निपटान का ब्योरा नीचे दर्शाया गया है :

(राशि करोड़ रुपये में)

	1992-93 के दौरान		1993-94 के दौरान		प्रतिशत वृद्धि (+) कमी (-)	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
I. प्राप्त दावे						
निम्नलिखित के मामले में निगम की योजना						
(i) लघु उधारकर्ता	36,81,272	883.29	46,72,885	1,167.60	(+) 26.9	(+) 32.2
(ii) लघु उद्योग	1,29,968	259.98	1,44,165	323.16	(+) 10.9	(+) 24.3
जोड़	38,11,240	1,143.27	48,17,050	1,490.76	(+) 26.4	(+) 30.4
II. निपटाये गए दावे						
निम्नलिखित के मामले में निगम की योजना						
(i) लघु उधारकर्ता	24,92,375	565.95	33,58,702	1,026.36	(+) 34.8	(+) 81.4
(ii) लघु उद्योग	1,18,147	243.21	1,23,031	287.72	(+) 4.1	(+) 18.3
जोड़	26,10,522	809.16	34,81,733	1,314.08	(+) 33.4	(+) 62.4

5.4 1982 से 1988-89 अवधि के दौरान वैकल्पिक वर्ष एवं उसके पश्चात् प्रति वर्ष दावों की प्राप्ति राशि एवं गारंटी शुल्क की प्राप्ति राशि की स्थिति इस प्रकार है:-

(करोड़ रुपये)

वर्ष	गारंटी शुल्क प्राप्तियाँ	गारंटी दावा प्राप्तियाँ	अन्तर
1982	57.67	34.11	+ 23.56
1984	87.91	115.69	- 27.78
1986	127.25	245.86	-118.61
1988-89 (15 माह)	191.89	580.97	-389.08
1989-90	593.83	548.33	+ 45.50
1990-91	524.72	748.76	-224.04
1991-92	565.88	627.23	- 61.35
1992-93	702.78*	1143.27	-440.49
1993-94	846.09	1490.76	-644.67

* पिछले वर्षों के संबंध में पुनर्निवेश प्रावधान सहित ।

5.5 1 अप्रैल 1989 से गारंटी शुल्क की दर बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किये जाने के परिणामस्वरूप गारंटी शुल्क की प्राप्ति गारंटी दावों की प्राप्ति की तुलना में केवल 1989-90 में ही अधिक रही । गारंटी दावों की प्राप्ति की तुलना में गारंटी शुल्क की प्राप्ति उसके बाद लगातार तीन वर्ष तक कम रही अत: सभी तीनों ऋण गारंटी योजनाओं की अर्थ क्षमता की जाँच की गयी तथा 1 अप्रैल 1993 से केवल लघु ऋण गारंटी योजना 1971 के मामले में गारंटी शुल्क की दर बढ़ाकर 2.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की गयी । इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्ष 1993-94 के दौरान गारंटी शुल्क की प्राप्तियों और गारंटी दावा प्राप्तियों में अन्तर रु. 644.67 करोड़ हो गया, योजनावार स्थिति नीचे दी जा रही है:-

(राशि करोड़ रुपये में)

योजना	गारंटी दावा प्राप्ति	गारंटी शुल्क प्राप्ति	अन्तर
i) लघु ऋण गारंटी योजना, 1971	1167.58	665.36	-502.22
ii) लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984	0.02	0.12	+0.10
iii) लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981	323.16	180.61	-142.55
जोड़	1490.76	846.09	-644.67

अग्रिमों की कुछ श्रेणियों के लिए उपलब्ध 60% की गारंटी सुरक्षा 1 अप्रैल 1994 को या उसके बाद स्वीकृत/नवीकृत अग्रिमों के लिए चूक की राशि (मौद्रिक सीमाओं के अधीन) के 50% के समान स्तर तक घटा दी गयी है ।

वर्ष 1981 से गारंटी शुल्क की योजनावार प्राप्ति अनुबंध XIII में दर्शायी गयी है ।

निक्षेप बीमा कार्य

6.1 वर्ष के दौरान निक्षेप बीमा योजना 1 जनवरी 1994 से बिहार, असम, और मणिपुर राज्यों में कार्यरत पात्र सहकारी बैंकों के लिए लागू कर दी गयी है । निगम की योजना के अंतर्गत 31 मार्च 1993 में 1931 बैंक शामिल थे जो मुख्यत: इसी कारण 31 मार्च 1994 को बढ़कर 1990 हो गए । इनमें 80 वाणिज्य बैंक, 196 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 1714 सहकारी बैंक शामिल हैं । वर्ष के दौरान दो वाणिज्य बैंक (अर्थात् एस.बी.आइ. कामर्सियल एंड इंटरनेशनल बैंक लिमिटेड और इंडस्ट्रियल नीदरलैंड बैंक एन.वी.) पंजीकृत किये गये और दो अन्य वाणिज्य बैंक (अर्थात् बैंक आफ क्रेडिट एंड कामर्स इन्टरनेशनल ओवरसीज लिमिटेड और न्यू बैंक आफ इंडिया) विपंजीकृत किये गये । वर्ष के दौरान पंजीकृत और विपंजीकृत सहकारी बैंकों का राज्यवार ब्योरा इस प्रकार है:-

राज्य	बैंकों की संख्या	
	पंजीकृत	विपंजीकृत
असम	10	-
बिहार	38	-
गुजरात	1	-
महाराष्ट्र	2	1
मणिपुर	6	-
तमिलनाडू	2	-
उत्तर प्रदेश	2	-
मध्य प्रदेश	-	1
जोड़	61	2

(1962 से बीमाकृत बैंकों का विवरण अनुबंध I में दर्शाया गया है ।)

6.2 निक्षेप बीमा योजना में वर्तमान में सभी वाणिज्य बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) और 19 राज्यों तथा तीन केन्द्रशासित

प्रदेशों के सहकारी बैंक शामिल हैं (अनुबंध II)। बाकी बचे 6 राज्यों और 4 केन्द्रशासित प्रदेशों के 33 सहकारी बैंकों को योजना की सीमा में लाया जाना है। निगम ने भारत सरकार से सिक्किम राज्य पर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 लागू किए जाने की सिफारिश की है जो भारत सरकार के पास विचाराधीन है। बाकी बचे राज्यों को अपने राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियमों में अपेक्षित संशोधन करने हैं।

6.3 खातों की संख्या और निगम के पास बीमाकृत जमा राशियाँ तथा जून 1992 और जून 1993 के अंत में जमाकर्ताओं को उपलब्ध संरक्षण की सीमा इस प्रकार है:-

(राशि करोड़ रुपये में)

	जून 1992	जून 1993
1. खातों की कुल संख्या (लाखों में)	3,543	3,529
2. पूर्णत: संरक्षित खाते (लाखों में)	3,395	3,497
3. दो के प्रति एक का प्रतिशत	95.8	99.1
4. निर्धारण योग्य जमा राशियाँ	2,44,375	2,49,034
5. बीमाकृत जमा राशियाँ	1,64,527	1,68,405
6. 5 के प्रति 4 का प्रतिशत	67.3	67.6

(पिछले वर्षों के संबंध विवरण अनुबंध III और IV में दिया गया है)

पूर्णत: संरक्षित और आंशिक रूप से संरक्षित खातों की जमा राशियाँ जून 1993 के अन्त में कुल निर्धारणयोग्य जमा राशियों का क्रमश: 63.78 प्रतिशत और 36.22 प्रतिशत है। इस प्रकार बीमा सुरक्षा बढ़ाये जाने के परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान कुल निर्धारण योग्य जमा राशियों की तुलना में बीमाकृत जमा राशियों का प्रतिशत 49.16 से बढ़कर 63.78 प्रतिशत हो गया।

6.4 बीमाकृत बैंकों से 1993-94 के दौरान वसूली गयी किस्त (अतिदेय किस्त पर ब्याज सहित) का पिछले वर्ष की तुलना में श्रेणीवार ब्योरा इस प्रकार है:-

(राशि करोड़ रुपये में)

बैंकों की श्रेणी	प्राप्त किस्तें	
	1992-93	1993-94
i) वाणिज्य बैंक	95.66	138.15
ii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	2.13	4.09
iii) सहकारी बैंक	8.18	14.11
	105.97	156.35

6.5 वर्ष 1993-94 के दौरान निगम ने चार सहकारी बैंकों के मामले में निम्नानुसार दावे निपटाये :-

(रुपये लाखों में)

	नाम	राशि
1.	सरदार नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड (परिसमापनाधीन)	0.07
2.	भद्रावती टाउन को आपरेटिव बैंक लिमिटेड	0.26
3.	भिलोड़ा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड	19.84
4.	बेलगाम मुस्लिम को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड (अमानत को.आप. बैंक लि. में समामेलित)	37.11
		57.28

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित दावा देयताओं के मामले में खातों में रु. 8.12 करोड़ का प्रावधान किया गया है:

(क) वसावी को-आपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड गुरजाला के संबंध में रु. 0.01 करोड़ का पूरक दावा।

(ख) परिसमापक, नवदीप को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत दावों का निपटान विचाराधीन होने के कारण रु. 5.52 करोड़।

(ग) अब परिसमापन में लिए गए सिटीजन्स को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, इन्दौर की दावा देयताओं के रूप में रु. 2.25 करोड़।

(घ) मैट्रोपालिटन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड के जमाकर्ताओं के विचाराधीन दावों (स्पष्टीकरण के अभाव में) की दावा देयता की शेष राशि के संबंध में रु. 0.34 करोड़।

6.6 25 वाणिज्य बैंकों के संबंध में दावा अदाकृत कुल राशि (संचयी) 31 मार्च 1994 को अपरिवर्तित रु. 172.92 करोड़ रही। मार्च 1994 तक कुल चुकौतियाँ रु. 18.82 करोड़ (वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 1.25 करोड़ सहित) रही। मार्च 1994 तक रु. 0.10 करोड़ की राशि बट्टे खाते डाली गयी। 31 मार्च 1994 को 27 सहकारी बैंकों के मामले में आरम्भ से कुल दावा अदाकृत राशि रु. 5.77 करोड़ (वर्ष के दौरान अदाकृत रु. 0.57 करोड़ सहित) है। मार्च 1994 तक कुल चुकौतियाँ (वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 0.07 करोड़ सहित) रु. 0.89 करोड़ रही।

ऐसे बैंकों की सूची जिनके मामले में 31 मार्च 1994 तक दावा अदा किया गया, राशि बट्टे खाते डाली गयी, प्रावधान किया गया, एवं चुकौतियाँ प्राप्त हुई, का विवरण अनुबंध V में दिया गया है।

ऋण गारंटी कार्य

क) छोटे उधारकर्ताओं के लिए ऋण गारंटी योजनाएँ

7. छोटे उधारकर्ताओं के लिए निगम की दो ऋण गारंटी योजनाएँ हैं अर्थात् लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 और लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984 इन में कृषि और सहायक गतिविधियों, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु व्यवसाय आदि के लिए वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) और प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा स्वीकृत अग्रिम शामिल हैं।

8. छोटे उधारकर्ताओं से संबंधित ऋण गारंटी योजनाओं की समग्र कार्यस्थिति नीचे दर्शाए अनुसार है:-

(राशि करोड़ रुपये में)

उधारकर्ताओं की श्रेणी	31 मार्च 1993 को गारंटीकृत अग्रिम	प्राप्त दावों की राशि			दो के प्रति पाँच का प्रतिशत
		मार्च 1993 तक	1993-94 के दौरान	मार्च 1994 तक (3+4)	
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1. कृषक और खेतिहर	17,868.89	1,415.23	435.40	1,850.63	10.36
2. प्राथमिकता क्षेत्र की अन्य उधार राशियाँ	8,110.19	1,689.54	706.75	2,396.29	29.55
3. विभेदक ब्याज दर योजना आदि के अंतर्गत उधारकर्ताओं की अवशिष्ट श्रेणियाँ	368.75	96.66	25.45	122.11	33.11
जोड़	26,347.83	3,201.43	1,167.60	4,369.03	16.58

लघु ऋण गारंटी योजना, 1971

9.1 योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि और सहायक गतिविधियों, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु व्यवसाय आदि के लिए स्वीकृत अग्रिमों को गारंटी सुरक्षा प्रदान की जाती है।

9.2 वर्ष के दौरान 7 वाणिज्य बैंकों और 7 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को निगम द्वारा योजना से बाहर होने की अनुमति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त एक वाणिज्य बैंक अर्थात् न्यू बैंक आफ इंडिया का पंजाब नेशनल बैंक में विलयन हुआ। परिणामस्वरूप 31 मार्च 1994 को योजना के अंतर्गत सहभागी ऋण संस्थाओं की संख्या 31 मार्च 1993 की 248 से

15 घट कर 233 (इसमें 47 वाणिज्य बैंक और 186 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल हैं) हो गयी (अनुबंध VI और VII)।

9.3 योजना के अंतर्गत 31 मार्च 1993 को गारंटीकृत अग्रिम रु. 26,339.75 करोड़ थे इनमें पिछले वर्ष की तुलना में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यद्यपि निगम की ऋण गारंटी योजनाओं की सीमा से कुछ श्रेणी के अग्रिमों को अलग किया गया तथा 15 ऋण संस्थाएँ योजना से बाहर हुई/उनके नाम हटाये गए। योजना के अंतर्गत गारंटीकृत अग्रिम रु. 26,347.83 करोड़ कुल प्राथमिकता क्षेत्र के गैर लघु उद्योग खंड अग्रिमों का 99.97 प्रतिशत है। गारंटीकृत अग्रिमों का वर्षवार तथा क्षेत्रवार अलग-अलग ब्योरा अनुबंध-VIII में दिया गया है। गारंटीकृत अग्रिमों का क्षेत्रवार ब्योरा तथा उसकी तुलना में दावा प्राप्त राशि का अलग-अलग विवरण इस प्रकार है:-

उधारकर्ताओं की श्रेणी	कुल का प्रतिशत	
	गारंटीकृत अग्रिम	प्राप्त दावे
i) कृषक और खेतिहर	67.84	42.36
ii) अन्य प्राथमिकता क्षेत्र उधारकर्ता	30.76	54.84
iii) विभेदक ब्याज दर अग्रिम आदि	1.40	2.80
जोड़	100.00	100.00

9.4 रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान निगम को रु. 1,167.58 करोड़ के 46,72,831 दावे प्राप्त हुए जब कि पिछले वर्ष के दौरान रु. 883.27 करोड़ के 36,81,234 दावे प्राप्त हुए थे। इस प्रकार दावों में क्रमश: संख्यावार 26.94 प्रतिशत तथा राशिवार 32.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। योजना के अंतर्गत वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 1,167.58 करोड़ की राशि के दावे कुल रु. 26339.75 करोड़ के गारंटीकृत अग्रिमों का 4.43 प्रतिशत हैं। (छोटे उधारकर्ताओं के संबंध में सभी योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्रवार प्राप्त दावों का अलग-अलग विवरण अनुबंध X में दर्शाया गया है)। निगम ने रु. 1,026.26 करोड़ के 33,58,615 दावों का निपटान किया जबकि पिछले वर्ष रु. 565.83 करोड़ के 24,92,313 दावे निपटाये गये थे। इस वर्ष दावों की औसत मासिक निपटान दर 2,79,885 दावे रही जबकि पिछले वर्ष यह दर 2,07,693 दावे प्रतिमाह थी। वर्ष के अंत में रु. 824.81 करोड़ के 33,51,598 दावे विचाराधीन थे। दावों की प्राप्ति, निपटान (लागू किये जाने की तारीख से) और विचाराधीन दावों की 31 मार्च 1994 की स्थिति अनुबंध IX में दर्शायी गयी है।

9.5 प्रस्थापन अधिकारों के कारण निगम को रिपोर्ट वर्ष के दौरान रु. 109.84 करोड़ की राशि प्राप्त हुई जबकि पिछले वर्ष रु. 52.97 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। वसूलियों की कुल प्राप्त राशि रु. 352.58 करोड़ रही जो योजना के लागू किये जाने से दावा अदाकृत का 11.32 प्रतिशत है।

सभी योजनाओं के अंतर्गत रु. 25,000/- से अनधिक राशि के दावों के त्वरित निपटान की दृष्टि से निगम ने सभी सहभागी बैंकों को सूचित किया है कि वे दावे मैग्नेटिक टेप्स के माध्यम से प्रस्तुत करें ताकि दावों को कम्प्यूटर* के माध्यम से संसाधित किया जा सके। इस के उत्तर में 90% वाणिज्य बैंकों और 66% क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने इस वर्ष अपने 90% दावे मैग्नेटिक टेप्स् के माध्यम से प्रस्तुत किए हैं। परिणामस्वरूप निगम 33.59 लाख के उल्लेखनीय संख्या में दावे निपटा पाया।

लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984

10.1 योजना के अंतर्गत प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा गैर कृषि प्रयोजनों के लिए छोटे उधारकर्ताओं को स्वीकृत प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों को सुरक्षा प्राप्त है।

10.2 वर्ष के दौरान योजना के सहभागी सहकारी बैंकों की संख्या 29 से 7 घटकर 31 मार्च 1994 को 22 रह गई (अनुबंध VI और VII)। परिणामस्वरूप गारंटीकृत अग्रिम जो 31 मार्च 1992 को रु. 14.34 करोड़ थे, 31 मार्च 1993 को घटकर रु. 8.08 करोड़ रह गए।

10.3 93 ऐसे दावों के अतिरिक्त जिनके मामले में निगम को स्पष्टीकरणों की प्रतीक्षा है वर्ष के दौरान निगम को रु. 0.02 करोड़ मूल्य के 54 दावे प्राप्त हुए। रु. 0.10 करोड़ के 87 दावों के निपटान तथा रु. 0.02 करोड़ के 42 दावों के स्पष्टीकरण के अधीन होने के बाद निगम के पास अप्रैल 1994 में निपटान के लिए वर्ष के अंत में मात्र 18 दावे शेष थे।

*(निगम ने सभी वाणिज्य बैंकों के लिये यह अनिवार्य कर दिया है कि वे 1 अप्रैल 1994 से दावे मैग्नेटिक टेप्स के माध्यम से प्रस्तुत करें)

ख) लघु उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजनाएँ

(अ) सरकार की लघु उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजना (अब निरस्त)

11.1 सरकार की योजना बंद कर दी गयी है और निगम ने दावे/अभ्यावेदन स्वीकार करना अन्तिम रूप से बंद कर दिया है। योजना के अंतर्गत विचाराधीन सभी दावों का निपटान मार्च 1992 तक कर दिया गया था। तथापि भारत सरकार के एजेन्ट के रूप में दावा अदाकृत खातों से वसूलियों के लिए ऋण संस्थाओं के साथ निगम के प्रयास जारी रहे।

11.2 योजना के अंतर्गत 1992-93 के दौरान दावा अदाकृत खातों में हुई वसूलियों की राशि में से 30.5 प्रतिशत (अर्थात् वही अनुपात जिसके लिए 1986 से 1992 तक के लिए अनुमति दी गयी थी) योजना के अवशिष्ट कार्यों के लिए प्रशासनिक व्यय के रूप में निगम ने अपने पास रखने की अनुमति माँगी थी परन्तु सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। तथापि सरकार ने दावा अदाकृत खातों में हुई वसूलियों में से निगम को 10 प्रतिशत अपने पास रखने की अनुमति प्रदान की है। तद्नुसार वर्ष 1992-93 के दौरान हुई कुल रु.1.42 करोड़ की वसूलियों में से निगम द्वारा किए गए संस्थागत व्यय के रूप में रु.0.14 करोड़ की राशि रखी गयी तथा शेष राशि रु. 1.28 करोड़ सरकार को अप्रैल 1994 में भेज दी गयी। इसके अतिरिक्त वर्ष 1993-94 के दौरान दावा अदाकृत खातों से वसूली के रूप में प्राप्त रु. 2.04 करोड़ की राशि समायोजन के बाद सरकार को भेजने के लिए निगम ने अपने पास रखी है।

(आ) निगम की लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981

12.1 31 मार्च 1994 को उपर्युक्त योजना की सहभागी ऋण संस्थाओं की संख्या 308 (31 मार्च 1993 को 344) थी। इनमें 47 वाणिज्य बैंक, 150 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 111 सहकारी बैंक शामिल हैं (अनुबंध VI)। वर्ष के दौरान गारंटी शुल्क के भुगतान में चूक या योजना से बाहर होने के उनके निर्णय के कारण 40 ऋण संस्थाओं के नाम सूची से हटाये गए। एक ऋण संस्था का नाम दूसरे बैंक में विलयन के कारण हटाया गया। गारंटी शुल्क का भुगतान न किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त होने के कारण 4 ऋण संस्थाओं को योजना में पुनः शामिल किया गया (अनुबंध VII)।

12.2 भारतीय रिज़र्व बैंक की परिभाषा के अनुसार प्राथमिकता क्षेत्र के लघु उद्योग खंड के अंतर्गत आने वाले गारंटीकृत अग्रिमों की राशि 31 मार्च 1993 को 19.1 प्रतिशत घटकर रु.15,502.66 करोड़ हो गयी थी जबकि 31 मार्च 1992 को यह राशि रु. 19,161.92 करोड़ थी।

12.3 निगम को वर्ष 1993-94 के दौरान रु. 323.16 करोड़ के 1,44,165 दावे प्राप्त हुए जबकि पिछले वर्ष रु. 259.98 करोड़ के 1,29,968 दावे प्राप्त हुए थे। वर्ष के दौरान रु.287.72 करोड़ के 1,23,031 दावे निपटाये गये जबकि 1992-93 में रु. 243.21 करोड़ के 1,18,147 दावे निपटाये गए थे। 1 अप्रैल 1981 से वर्षवार दावों की प्राप्ति और निपटान का ब्योरा अनुबंध XI में दिया गया है। (वर्ष के दौरान निपटाये गये दावों का राशिवार अलग-अलग विवरण अनुबंध XII में दर्शाया गया है)। 31 मार्च 1994 को रु. 90.29 करोड़ के 44410 दावे विचाराधीन थे। शाखावार स्थिति अनुबंध XI में दर्शायी गयी है।

12.4 निगम के प्रस्थापन अधिकार के कारण योजना के अंतर्गत वर्ष के दौरान रु. 23.98 करोड़ की वसूलियाँ प्राप्त हुई। 1981 से 31 मार्च 1994 तक कुल रु. 83.49 करोड़ की वसूलियाँ प्राप्त हुई। ये वसूलियाँ रु. 799.21 करोड़ की कुल दावा अदाकृत राशि का 10.4 प्रतिशत है।

12.5 योजना के अंतर्गत 31 मार्च 1994 तक कुल रु.1859.88 करोड़ की राशि के दावे प्राप्त हुए, ये दावे प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत लघु उद्योग इकाइयों के रु. 15502.66 करोड़ के गारंटीकृत अग्रिमों का 12 प्रतिशत हैं।

12.6 योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले रु. 8.00 लाख और अधिक के उच्च मूल्य दावों का निपटान "दावा समिति" द्वारा किये जाने का कार्य जारी रहा। निगम के बोर्ड में भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक की अध्यक्षता में समिति को 21 दिसंबर 1993 को पुनर्गठित किया गया। समिति के सदस्यों में सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों के प्रबंध/कार्यपालक निदेशक और एक ख्यातिप्राप्त सनदी लेखाकार शामिल है। वर्ष 1993-94 के दौरान समिति की एक बैठक हुई जिसमें रु. 3.12 करोड़ के 33 दावों का निपटान किया गया।

अन्य गतिविधियाँ

13.1 हाल ही में 30 सितंबर 1993 को महाराष्ट्र के लातुर और उस्मानाबाद जिलों में आये भूकंप से इन जिलों में जन और धन की भारी क्षति हुई। प्रभावित लोगों को आवश्यक ऋण समर्थन प्रदान करने के लिए ऋण संस्थाओं को अधिक निधियाँ उपलब्ध कराने की दृष्टि से निगम ने भूकंप से पहले उनके द्वारा वित्त पोषित इकाइयों/उधारकर्ताओं के संबंध में दायर दावों के मामले में तीन वर्ष की निश्चित अवधि हटा दी है। ऋण संस्थाओं को ऐसे दावे 30 सितंबर 1994 तक दायर करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

स्व-सहायता समूह को गारंटी सुरक्षा प्रदान करना

13.2 देश में औपचारिक ऋण व्यवस्था के व्यापक प्रसार के बावजूद ग्रामीण गरीबों (विशेषत: सीमान्त कृषक, भूमि-हीन मजदूर, छोटे व्यापारी और ग्रामीण दस्तकार जिनकी बचत प्रवृत्ति सीमित है या इतनी कम है कि इसे बैंकों द्वारा पूरा नहीं किया जा सकता) की कई क्षेत्रों विशेषकर आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए साहूकारों पर आश्रितता जारी है। बचत के लिए प्रोत्साहन देने ताकि ग्रामीण गरीब अपनी आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं के लिए साहूकारों के पास न जाएँ, गैर सरकारी संघटनों में तत्परता से अनौपचारिक समूहों का विकास किया है। इन समूहों में औपचारिक बैंकिंग ढाँचे और ग्रामीण गरीबों को आपसी हित के लिए निकट लाने की क्षमता है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने तद्नुसार स्व-सहायता समूह के संबंध में प्रायोगिक परियोजना प्रारम्भ की है और स्व-सहायता समूहों को दिये जानेवाले अग्रिम प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में गिने जाएँगे। तद्नुसार इन अग्रिमों के लिए निगम द्वारा लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 के अंतर्गत गारंटी सुरक्षा प्रदान की गयी है।

उधारकर्ता/प्रतिभू/प्रतिभूति के मामले में कानूनी कार्रवाई से छूट अथवा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का अधिकार और दावा अदाकृत खातों को बकाया राशि के मामले में समझौता/राशि कम करना और बकाया राशि बट्टे खाते डालना।

13.3 नयी आय पहचान लागू किए जाने, आस्तियों के वर्गीकरण, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रावधान मानदंडों के लागू किये जाने और वर्षों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए निगम ने 22 फरवरी 1994 से वर्तमान सीमाएँ हटा दी हैं और दावा अदाकृत खातों के मामले में कानूनी कार्रवाई से छूट, समझौते, बकाया राशि कम करने, राशि बट्टे खाते डालने, आदि के मामले में सहभागी ऋण संस्थाओं को अधिकार दे दिये हैं। तथापि संबंधित ऋण संस्थाओं को स्टाफ के उत्तरदायित्व, धोखाधड़ी, और दुर्विनियोजन आदि से संबंधित प्रस्तावों के लिए निगम की पूर्वानुमति प्राप्त करनी होगी।

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम- लघु उद्योग

13.4 लघु उद्योगों की संशोधित परिभाषा के अनुसार ऐसी लघु उद्योग इकाईयों को स्वीकृत अग्रिम जिनका निवेश संयंत्र और मशीनरी में रु. 60 लाख (अनुषंगी इकाईयों और निर्यातोन्मुख इकाईयों के मामले में रु. 75 लाख) से अधिक नहीं है को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप ऐसे सभी अग्रिम 1 अप्रैल 1994 से लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना 1981 के अंतर्गत गारंटी सुरक्षा के लिए पात्र होंगे।

लेखे

तुलन-पत्र तथा आय व्यय लेखे

14.1 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के संबंध में आय-व्यय लेखे तथा निगम की तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि, ऋण गारंटी निधि और सामान्य निधि की 31 मार्च 1994 की स्थिति का तुलन-पत्र तथा उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट संलग्न है।

14.2 1987 से निगम ने निक्षेप बीमा निधि और ऋण निधि की देयताओं के बीमांकिक आधार पर मूल्यांकन की व्यवस्था लागू कर रखी है। तद्नुसार तीनों निधियों के मामले में 1989-90 और 1992-93 के आयकर के लिए अल्प प्रावधान, सहित विचाराधीन दावों आदि के लिए प्रावधान के बाद रु. 98.91 करोड़ का घाटा है जबकि पिछले वर्ष रु. 65.44 करोड़ का निवल घाटा था। सभी आवश्यक प्रावधान (वर्ष 1989-90 और 1992-93 के संबंध में आयकर के लिए रु. 3.87 करोड़ के अल्प प्रावधान सहित) किए जाने के बाद निक्षेप बीमा निधि में रु. 285.38 करोड़ की अतिरिक्त राशि उपलब्ध है। ऋण गारंटी निधि में रु. 382.19 करोड़ तथा सामान्य निधि में रु.2.10 करोड़ का घाटा है। ऋण गारंटी निधि के रु. 382.19 करोड़ के घाटे को इतनी ही राशि निक्षेप बीमा निधि से अंतरित कर

बराबर किया गया है। सामान्य निधि के रु. 2.10 करोड़ के घाटे को जनरल रिज़र्व में अंतरित कर बराबर किया गया है।

14.3 जैसाकि पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख है 31 मार्च 1993 को ऋण गारंटी निधि से निक्षेप बीमा निधि को रु. 475.86 करोड़ की निवल राशि देय है। यह राशि वर्ष 1987 के बाद रहे अतिरिक्त/घाटे की राशि है। ऋण गारंटी निधि का चालू वर्ष का रु. 382.19 करोड़ का घाटा एक बार पुन: निक्षेप बीमा निधि से इतनी ही राशि अन्तरित करके बराबर किया गया है। परिणामस्वरूप वर्ष के अंत में निक्षेप बीमा निधि को देय राशि बढ़कर रु. 858.05 करोड़ हो गयी है।

बजट नियंत्रण

15. तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि, ऋण गारंटी निधि और सामान्य निधि के अंतर्गत राजस्व और व्यय के मामले में निगम का बजट नियंत्रण है।

निवेश

16.1 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार जिन राशियों की तत्काल आवश्यकता नहीं होती उन्हें खजाना बिलों सहित केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों में निविष्ट किया जाता है। निवेशों का ब्योरा अनुबंध XIV में दिया गया है। तीनों निधियों के निवेशों के मूल्यह्रास के लिए पूर्णत: प्रावधान किया गया है।

निवेश समिति

16.2 निवेशों पर निगम की आय में सुधार करने की दृष्टि से निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 25 में प्रस्तावित संशोधनों के लिए और अपनी अतिरिक्त निधियों को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों से इतर में निवेश के लिए बोर्ड ने सहमति दी थी। इस संबंध में सरकार के अनुमोदन की प्रतीक्षा है। इसी दौरान निदेशक बोर्ड के कहने पर अक्तूबर 1993 में एक निवेश समिति गठित की गयी। समिति में तीन निदेशक (अर्थात् श्री बी. राय, अध्यक्ष और सर्वश्री एन.पी. सारडा एवं यू. महेशराव सदस्य) हैं तथा समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 के वर्तमान प्रावधानों की सीमा में निगम के निवेशों से आय बढ़ाने की दृष्टि से निम्नलिखित टिप्पणियाँ/अनुशंसा की गयी है :

i) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम के वर्तमान प्रावधान अनावश्यक रूप से प्रतिबंधात्मक हैं अत: समिति ने अनुशंसा की है कि भारत सरकार से अधिनियम की धारा 25 को उसमें उचित संशोधन करते हुए उदार बनाने का अनुरोध किया जाए।

ii) कम आय वाली भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों से निवेशों को अधिक आय वाले निवेशों में रूपान्तरण करने में निगम को सक्षम बनाने की दृष्टि से निगम के ऐसी प्रतिभूतियों में निवेशों को स्टाक-इन-ट्रेड मानने और प्रतिभूतियों के विक्रय से होनेवाले घाटे को व्यवसाय आय से बराबर करने के लिए निगम को अनुमति प्रदान करने के मामले को सरकार के साथ उठाया जाए।

iii) आयकर अधिनियम (धारा 44/115बी) के अंतर्गत जिस प्रकार जीवन बीमा निगम और जनरल इंश्योरेंस कार्पोरेशन को कर देयता के निर्धारण के लिए विशेष दर्जा प्रदान किया गया है उसी प्रकार का दर्जा निगम को प्रदान किए जाने के लिए सरकार से अनुरोध किया जाए।

समिति की विभिन्न सिफारिशों की जाँच कर ली गयी है तथा कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गयी है।

सामान्य

लेखा परीक्षक

17.1 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 29(1) के अनुसार निदेशक बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से मैसर्स हबीब एंड कम्पनी, सनदी लेखाकार, बंबई को 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

हिंदी की प्रगति

17.2 निगम अपने दैनिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग एवं प्रोत्साहन के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। निगम का प्रधान कार्यालय राजभाषा नियमावली, 1976 के नियम 10(4)

के अंतर्गत अधिसूचित है। निगम की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। वर्ष के दौरान निगम के निदेशक बोर्ड ने निगम के हिंदी कक्ष के लिए हिंदी अधिकारियों के 2 पदों, अनुवादकों के 4 पदों एवं हिंदी टंकक तथा चपरासी के एक-एक पद के लिए स्वीकृति प्रदान की है। स्टाफ को हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। निगम द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषिकरूप में प्रकाशित की जाती है। वर्ष के दौरान निगम के एक अधिकारी ने प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण की है। हिंदी समाचार पत्र तथा पत्रिकाएँ खरीदी जाती हैं और स्टाफ को पढ़ने के लिए दी जाती हैं। निगम में "आज का शब्द" प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जा रही है।

प्रशिक्षण और प्रतिनियुक्तियाँ

17.3 नेशनल इंस्टीट्यूट आफ स्माल इंडस्ट्री एक्सटेंशन ट्रेनिंग (एनआइएसआइईटी) हैदराबाद द्वारा आयोजित "स्माल इंडस्ट्री फाइनेंसिंग" पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने आए विकासशील देशों के वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के 11 सदस्यों के एक समूह ने निगम में आकर इसकी कार्यप्रणाली और प्रक्रिया का अध्ययन किया। इसके अतिरिक्त केन्या के एग्रीकल्चरल फाइनेंस कार्पोरेशन और श्रीलंका के सेंट्रल बैंक के विकास वित्त विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निगम में आकर निगम के कामकाज के विभिन्न पहलुओं को समझा। नेपाल राष्ट्र बैंक, नेपाल द्वारा निक्षेप बीमा योजना तैयार किए जाने के काम में मदद और इसके कार्यान्वयन की कार्य योजना बनाने के लिए निगम के एक भूतपूर्व वरिष्ठ अधिकारी को दो माह के लिए उस बैंक में प्रतिनियुक्त किया गया है।

निगम के सभी श्रेणियों के स्टाफ को भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रशिक्षण केन्द्रों पर भेजा गया समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 30 अधिकारियों और 34 लिपिकीय स्टाफ सदस्यों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय लेखा परीक्षा

17.4 रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग के केन्द्रीय लेखा परीक्षा कक्ष द्वारा निगम की 1 अक्तूबर 1992 से 30 सितंबर 1993 अवधि की लेखा परीक्षा की गयी। लेखा परीक्षा रिपोर्टों में बताई गई अनियमितताओं/सुझावों में से अधिकांश की निगम द्वारा अनुपालना कर ली गयी/सुधार कर लिया गया।

प्रबंधतंत्र

18. 4 मई 1994 से सुश्री आइ.टी. वाज के बदले श्री एस.एन. राजदान, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, निगम के बोर्ड में नामित निदेशक हैं।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1)(इ) के अंतर्गत श्री पी.एन. जोशी, अध्यक्ष, यूनाइटेड वैस्टर्न बैंक लिमिटेड, सातारा (महाराष्ट्र) को 14 जून 1993 से 31 अक्तूबर 1993 तक निगम के निदेशक बोर्ड में नामित किया गया। निगम के निदेशक के रूप में उनका कार्यकाल बढ़ाने का मामला अभी भी सरकार के पास विचाराधीन है।

सरकार की दिनांक 28 अगस्त 1992 और 6 अगस्त 1993 की अधिसूचना के अनुसार निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1)(इ) के अंतर्गत 18 अक्तूबर 1994 तक प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक और अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, इलाहाबाद बैंक को निगम के बोर्ड में पदेन निदेशक नामित किया गया है। तद्नुसार भारतीय स्टेट बैंक की 20 दिसंबर 1993 की सूचना के अनुसार डॉ. एम.के. सिन्हा, प्रबंध निदेशक श्री वी. महादेवन के स्थान पर निगम के निदेशक होंगे। श्री आर.एल. वाधवा के स्थान पर इलाहाबाद बैंक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त श्री बी. राय 6 अगस्त 1993 से निगम के निदेशक होंगे।

19. 31 मार्च 1994 को समाप्त वर्ष के दौरान निगम के निदेशक बोर्ड की 5 बैठकें श्री डी.आर. मेहता, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक की अध्यक्षता में आयोजित की गयीं।

20. स्टाफ द्वारा परिचालन क्षमता को बरकरार रखने की निगम के स्टाफ की बोर्ड बहुत बहुत सराहना करता है।

निक्षेप बीमा और
प्रत्यय गारंटी निगम
बंबई 400 039.

दिनांक: 24 जून 1994

निदेशक मंडल की ओर से
और उसके वास्ते

(डी. आर. मेहता)
अध्यक्ष

अनुबंध - I

वर्ष 1962 से निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंकों की संख्या दर्शानेवाला विवरण

अवधि/वर्ष	वर्ष/अवधि के प्रारंभ में पंजीकृत बैंकों की संख्या	वर्ष/अवधि के दौरान पंजीकृत बैंकों की संख्या	उन विपंजीकृत बैंकों की संख्या जहां निगम में देयता		जोड़ (4+5)	वर्ष/अवधि के अंत में पंजीकृत बैंकों की संख्या (2+3-6)
			आयी	नहीं आयी		
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1962	287	–	2	9	11	276
1963 से 1965	276	1	7	161	168	109
1966 से 1970	109	1	5	22	27	83
1971 से 1975	83	544	–	16	16	611
1976 से 1980	611	995	9	15	24	1582
1981 से 1985	1582	280	8	17	25	1837
1986 से 1989-90	1837	102	8	10	18	1921
1990-1991	1921	8	5	2	7	1922
1991-1992	1922	14	2	3	5	1931
1992-1993	1931	3	2	1	3	1931
1993-1994	1931	63	1	3	4	1990

1991-92, 1992-93 और 1993-94 के अंत में बीमाकृत बैंकों की श्रेणीवार स्थिति का अलग-अलग विवरण

वर्ष	बीमाकृत बैंकों की संख्या			
	वाणिज्य बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	सहकारी बैंक	जोड़
1991-92	80	196	1655	1931
1992-93	80	196	1655	1931
1993-94	80	196	1714	1990

अनुबंध – II

बीमाकृत बैंकों की स्थिति का सार
(31 मार्च 1994 की स्थिति)

I. वाणिज्य बैंक..... 80

II. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक..... 196

III. सहकारी बैंक..... 1714 (अलग-अलग विवरण नीचे दर्शाए अनुसार)

1990

राज्य	अपैक्स	सेन्ट्रल	प्राइमरी	जोड़
1. आंध्र प्रदेश	1	22	60	83
2. आसाम	1	1	8	10
3. बिहार	1	34	3	38
4. मध्य प्रदेश	1	45	40	86
5. महाराष्ट्र	1	31	380	412
6. मणिपुर	1	–	5	6
7. जम्मू और कश्मीर	1	3	3	7
8. केरल	1	14	56	71
9. त्रिपुरा	1	–	1	2
10. पश्चिम बंगाल	1	17	48	66
11. राजस्थान	1	27	23	51
12. कर्नाटक	1	22	203	226
13. उड़ीसा	1	17	14	32
14. उत्तर प्रदेश	1	56	47	104
15. गुजरात	1	21	290	312
16. तमिलनाडू	1	21	133	155
17. हिमाचल प्रदेश	1	2	4	7
18. हरियाणा	1	13	8	22
19. गोवा	1	–	6	7
केन्द्र शासित क्षेत्र				
1. दिल्ली*	1	–	14	15
2. पॉडिचेरी	1	–	1	2
3. दमण और दीव	–	–	–	–
	21	346	1347	1714

* दिल्ली एक राज्य है।

अनुबंध - III

बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को प्रदान की गयी सुरक्षा की सीमा दर्शानेवाला विवरण

(वाणिज्य बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक)

(दिसंबर 1961 के अंतिम शुक्रवार और जून 1981 से जून 1993 तक के अंतिम कार्य दिवस की स्थिति)

वर्ष	पूर्णत: संरक्षित खातों की संख्या* (लाखों में)	खातों की कुल संख्या (लाखों में)	(3) के प्रति (2) का प्रतिशत	बीमाकृत जमाराशियाँ* (करोड़ रुपये में)	कुल निर्धारणीय जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में)	(6) के प्रति (5) का प्रतिशत
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1961	55.42	70.58	78.5	392.32	1,693.74	23.1
1981	1,364.62	1,377.07	99.1	25,859.20	35,004.43	73.9
1982	1,580.98	1,598.24	98.9	31,773.92	42,360.41	75.0
1983	1,784.97	1,815.82	98.3	37,746.39	50,796.54	74.3
1984	2,000.19	2,025.94	98.7	46,339.53	61,880.23	74.8
1985	2,145.16	2,238.37	95.8	56,211.15	76,517.22	73.5
1986	2,320.05	2,359.60	98.0	62,878.13	86,213.96	72.9
1987	2,518.01	2,568.51	98.0	75,511.19	1,03,044.16	73.3
1988-89	2,704.87	2,780.88	97.3	90,191.69	1,26,864.19	71.1
1989-90	3,059.11	3,141.68	97.4	1,01,681.96	1,40,745.95	72.2
1990-91	2,982.52	3,089.12	96.5	1,09,315.52	1,56,891.90	69.7
1991-92	3,169.18	3,287.00	96.4	1,27,924.91	1,86,307.39	68.7
1992-93	3,395.03	3,543.02	95.8	1,64,526.57	2,44,375.38	67.3
1993-94	3,497.10	3,529.03	99.1	1,68,404.82	2,49,033.83	67.6

* अर्थात् खातों की संख्या जिनमें 1967 के अंत तक रु. 1,500/- 1981 से 1992-93 तक रु. 30,000/- और 1993-94 के बाद रु. 1.00 लाख से अनधिक शेष राशियाँ रहीं।

अनुबंध - IV

वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के लिए बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को (वर्गवार) प्रदान की गयी सुरक्षा की सीमा दर्शानेवाला विवरण

वर्ष	बैंकों की श्रेणी	बीमाकृत बैंकों की कुल संख्या	सूचना देनेवाले बैंकों की संख्या	बीमाकृत जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में)	कुल निर्धारण योग्य जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में)	(6) के प्रति (5) का प्रतिशत
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1991-92	वाणिज्य बैंक	80	59	1,13,252.05	1,65,220.12	68.55
	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	196	120	2,358.59	2,631.40	89.63
	सहकारी बैंक	1,655	1,124	12,314.27	18,455.87	66.72
	जोड़	1,931	1,303	1,27,924.91	1,86,307.39	68.66
1992-93	वाणिज्य बैंक	80	59	1,41,356.73	2,12,759.40	66.44
	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	196	116	2,995.59	3,430.41	87.32
	सहकारी बैंक	1,655	1,065	20,174.25	28,185.57	71.58
	जोड़	1,931	1,240	1,64,526.57	2,44,375.38	67.33
1993-94	वाणिज्य बैंक	80	65	1,41,794.51	2,16,024.27	65.64
	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	196	130	4,003.92	4,398.41	91.03
	सहकारी बैंक	1,714	1,122	22,606.39	28,611.15	79.01
	जोड़	1,990	1,317	1,68,404.82	2,49,033.83	67.62

अनुबंध - V

अदा किये गये और प्रावधान किये गये निक्षेप बीमा दावे तथा प्राप्त प्रतिपूर्तियाँ 31 मार्च 1994 की स्थिति

(राशि लाख रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम (जिस वर्ष दावे निपटाये गये उसे कोष्टकों में दर्शाया गया है)	कुल बीमाकृत जमाराशियाँ जो अदा की गयी और जिनके लिए प्रावधान किया गया	निगम द्वारा प्राप्त चुकौतियाँ	शेष राशि (3-4)
1.	2.	3.	4.	5.
I. वाणिज्य बैंक				
	i) ऐसे बैंकों का विवरण जिनके मामले में निगम को पूरी प्रतिपूर्ति प्राप्त हुई है			
S 1.	बैंक आफ चाइना, कलकत्ता (1963)	9.25	9.25	–
